<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक– 28 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- आज लखनऊ आ रही हैं राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु। ब्रह्माकुमारीज की विश्व एकता और विश्वास के लिए ध्यान थीम पर आधारित कार्यक्रम में होंगी शामिल। उन्नीसवें राष्ट्रीय जम्बूरी को भी करेंगी सम्बोधित।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने नोएडा में जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की तैयारियों का लिया जायजा। एयरपोर्ट की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वर्चुअल माध्यम से गोरखपुर इज्जनगर एक्सप्रेस को रवाना किया। कहा–अठाहर गुणा बढ़ा दिया गया है उत्तर प्रदेश का रेल बजट।
- दिव्यांगजनों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी से निपटने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र सरकार को दी कड़े कानून बनाने सलाह।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज लखनऊ आएंगी। वह दो अलग–अलग समारोहों में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति सबसे पहले ब्रह्माकुमारीज की वार्षिक थीम, ''विश्व एकता और विश्वास के लिए ध्यान'' के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगी। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। इसके बाद राष्ट्रपति भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के हीरक जयंती कार्यक्रम के समापन समारोह में शामिल होंगी और इसके उन्नीसवें राष्ट्रीय जम्बूरी को भी संबोधित करेंगी। एक रिपोर्ट–

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दौरे को लेकर ब्रह्माकुमारीज के अतिरिक्त महासचिव डॉ. मृत्युंजय ने बताया कि शुभारंभ के बाद राष्ट्रपति यहाँ प्रशिक्षण केंद्र में ध्यान भी करेंगी और 5 महिलाओं और 5 पुरुषों को ध्वज और कलश वितरित करेंगी। उन्होंने कहा कि इस राज्य स्तरीय शुभारंभ के बाद, विश्व एकता और विश्वास के लिए ध्यान पर पूरे राज्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। दोपहर बाद राष्ट्रपति भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के हीरक जयंती समारोह के समापन सत्र को संबोधित करेंगी। भारत के विभिन्न राज्यों से लगभग 33,000 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स और रेंजर्स, साथ ही मालदीव, नेपाल, श्रीलंका और सऊदी अरब सहित एशिया–प्रशांत क्षेत्र के 1,500 से ज्यादा युवा प्रतिनिधि इस आयोजन में भाग ले रहे हैं। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुशील चंद्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।**

राष्ट्रपति के कार्यक्रम के चलते लखनऊ में कल शाम से ही ट्रैफिक डायवर्जन लागू है। यह डायवर्जन आज रात बारह बजे तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान भारी वाहनों के रूट बदले रहेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने कल नोएडा के जेवर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचकर एयरपोर्ट के शुरुआत की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य की गति और संचालन से पूर्व की जरूरी व्यवस्थाओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के विकास और वैश्विक निवेश की नई पहचान बनने जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने नोएडा में एक निजी अस्पताल के उद्घाटन समारोह में भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट–वन माफिया की पहचान को हटाकर सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट–वन मेडिकल कॉलेज से उत्तर प्रदेश को जोड़ा है।

**आपने 8 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश के बारे में सुना होगा। उत्तर प्रदेश की पहचान क्या होती थी? वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया से। हमने अपने साथ जुड़ी हुई उस पहचान को हटा करके वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज के साथ हमने उत्तर प्रदेश को जोड़ा है।**

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने कल गाजियाबाद में पंच कल्याणक महा महोत्सव के तहत गुफा मंदिर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने भगवान महावीर के महा परिनिर्वाण स्थली कुशीनगर के फाजिल नगर का नाम बदल कर पावा नगरी करने के लिये कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि मानव सभ्यता को विकास की नित नई ऊंचाइयों तक पहुंचना है तो हमें के अध्यात्म की शरण में जाना होगा।

**********

प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर अभियान तेजी से जारी है। इसके तहत औरैया जिले के तैंतीस बूथ लेवल अधिकारियों ने शत–प्रतिशत डिजिटलाइजेशन कार्य पूरा कर लिया है। इस अभियान के दौरान गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान को नई गति देने के लिए कल से एनसीसी कैडेट्स को विशेष रूप से जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं आगरा के जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने कल खुद मतदाताओं के घर जाकर अभियान की जानकारी दी।

**********

रेल मंत्री अशविनी वैष्णव और इलेक्ट्रॉनिकी तथा सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कल नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से गोरखपुर–इज्जत नगर एक्सप्रेस को रवाना किया। ट्रेन का मार्ग इज्जत नगर स्टेशन तक बढ़ा दिया गया है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस ट्रेन से बरेली से पीलीभीत और गोरखपुर जाने वाले यात्रियों को फायदा होगा और इन क्षेत्रों के बीच सम्पर्क बढेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का रेल बजट करीब अठारह गुणा बढ़ा दिया गया है।

**उत्तर प्रदेश में जहां 2014 से पहले मात्र 11 सौ करोड़ के आसपास का बजट होता था आज 19 हजार करोड़ रुपए का बजट उत्तर प्रदेश में रेलवे के डेवलपमेंट के लिए दे रहे हैं। इसके कारण यूपी में कई तरीके से रेलवे का डेवलपमेंट लगातार हो रहा है।**

इस बीच, एक अन्य बयान में रेल मंत्री ने स्पष्ट किया है कि रेलगाडियों में मिलने वाले भोजन को हलाल प्रमाणित करने संबंधी कोई दिशानिर्देश नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि रेलवे कभी भी हलाल प्रमाणपत्र की मांग नहीं करता है।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से दिव्यांगजनों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी से निपटने के लिए कड़े कानून बनाने पर विचार करने को कहा है। न्यायालय ने कल केंद्र से दिव्यांगजनों और दुर्लभ आनुवंशिक विकारों से ग्रस्त व्यक्तियों का उपहास करने वाली अपमानजनक टिप्पणियों को अनुसूचित जाति–अनुसूचित जन जाति अधिनियम की तर्ज पर दंडनीय अपराध बनाने के लिए कानून बनाने को कहा है। न्यायालय की पीठ ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अभद्र, आपत्तिजनक और अवैध सामग्री को नियंत्रित करने के लिए एक तटस्थ, स्वतंत्र और स्वायत्त निकाय की आवश्यकता है।

**********

छप्पनवें अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव के आठवें दिन दर्शकों ने बहुप्रतीक्षित फिल्मों की स्क्रीनिंग, ज्ञानवर्धक मास्टरक्लास और फिल्म निर्माताओं के साथ खास बातचीत के जरिए मनोरंजन किया। एक रिपोर्ट–

**अभिनेता और फिल्मकार आमिर खान ने कहानी के माध्यम से सामाजिक बदलाव और समावेशित पर एक कार्यशाला को संबोधित किया, अपने फिल्मी जीवन के बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे वह बचपन से विभिन्न कहानियों के बीच पले बड़े हैं, जिसमें आकाशवाणी कार्यक्रम हवा महल भी शामिल था। मीडिया से बातचीत में मलयाली ब्लॉकबस्टर ए. आर. एम. के निर्देशक जितिन लाल ने इफ्फी में एक समय आगंतुक होने से लेकर यहां अपनी फिल्म प्रदर्शित करने की कहानी बताई। निखिल और सायरा के साथ आदर्श अकाशवाणी समाचार पणजी।**

**********

अम्बेडकरनगर में आज से पूर्वांचल का ऐतिहासिक गोविंद साहब का मेला शुरू हो रहा है। एक रिपोर्ट–

**सवा महीने तक चलने वाले इस मेले में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु प्रमुख स्नान, गोविंद दशमी और पूर्णिमा पर डुबकी लगाते है। पूर्वांचल के कई जिलों से श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचते हैं। श्रद्धालु बाबा गोविंद साहब के समाधि स्थल पर खिचड़ी की एक पोटली चढ़ाते हैं। मेले का आयोजन जिला पंचायत विभाग द्वारा किया जाता है। मेले में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अनुराग चौधरी, आकाशवाणी समाचार, अम्बेडकरनगर।**

**********

लखनऊ में सैयद मोदी अंतर्राष्ट्रीय बैंडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की सोलह साल की तन्वी शर्मा ने पूर्व विश्व चौंपियन जापान की नोजोमी ओकुहारा को हराकर महिला सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। उन्नीस वर्ष के मनराज सिंह ने भी एच.एस. प्रणॉय को हराकर पुरुष सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

**********

संभल जिले के हयातनगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर धतरा गांव के पास निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस–वे के नजदीक कल देर शाम दो गाड़ियों की आमने–सामने से भिडंत हो गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब चार लोग घायल हैं। मृतकों में तीन बच्चे और तीन महिलाएं भी शामिल हैं। दुर्घटना के बाद प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर घायलों की मदद की।

**********